American Cancer Society®
Every cancer. Every life.®

# त्वचा के कैंसर का पता लगाने और इलाज के लिए परीक्षण और प्रक्रियाएं

*Tests and Procedures to Find and Treat Skin Cancer – Hindi*

त्वचा का कैंसर कसिी को भी हो सकता है। लोगों को अपनी त्वचा पर दखिाई देने वाले कई धब्बे कैंसर नहीं होते हैं, लेकनि कुछ शायद कैंसर या पूर्व-कैंसर हो सकते हैं। त्वचा के कैंसर का अक्सर पहले पता लगाया जा सकता है जब उनका इलाज करना शायद आसान हो सकता है।

यदि आप अपनी त्वचा में बदलाव देखते हैं, तो आपके डॉक्टर को इसकी जांच करने के लिए एक परीक्षण करने की ज़रूरत होगी। यदि बदलाव ऐसा लगता है कि यह कैंसर हो सकता है, तो यह पता लगाने के लिए कि क्या यह कैंसर है, आपके डॉक्टर को एक परीक्षण या प्रक्रिया करने की ज़रूरत होगी। और अगर आपको त्वचा का कैंसर है, तो इसका इलाज करने के लिए आपका डॉक्टर कसिी प्रक्रिया का उपयोग कर सकता है।

## त्वचा के कैंसर का पता लगाने के लिए परीक्षण

कैंसर की जांच करने के लिए बायोप्सी की जाती है। त्वचा की बायोप्सी एक छोटी सी सर्जरी होती है, जिसमें कैंसर की संभावना वाले स्थान का एक हिस्सा (नमूना) निकाला जाता है। यह नमूना प्रयोगशाला में भेजा जाता है और इसकी यह देखने के लिए माइक्रोस्कोप के नीचे जाँच की जाती है कि क्या इसमें कोई कैंसर की कोशिकाएं हैं।

आपके डॉक्टर को किस प्रकार की बायोप्सी करने की ज़रूरत है वह त्वचा के कैंसर के प्रकार पर निर्भर करता है। यह तय करने में मदद के लिए कि कौन सी बायोप्सी करनी है, डॉक्टर यह भी देखता है कि उस क्षेत्र का आकार क्या है और यह आपके शरीर पर कहां पर है। आपकी त्वचा को सुन्न किया जाएगा ताकि आपको बायोप्सी के दौरान दर्द न हो। आपको बताया जाएगा कि बाद में बायोप्सी वाली जगह की देखभाल कैसे करनी है।

**शेव बायोप्सी:** डॉक्टर एक ब्लेड से त्वचा की ऊपरी परतों को शेव करता है। किसी भी रक्तस्राव को रोकने के लिए किसी मरहम, रसायन या छोटे विद्युत प्रवाह का उपयोग किया जाएगा।

**पंच बायोप्सी:** एक गहरे नमूने को निकालने के लिए एक छोटे गोल कुकी कटर की तरह दिखाई देने वाले एक उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है। बायोप्सी वाली जगह के किनारों को अक्सर टांको से एक साथ जोड़ दिया जाता है।

**एक्सिसनल (बाहर से काटने) और इन्सिसिनल (अंदर से काटने) वाली बायोप्सी:** त्वचा में गहरा काटने करने के लिए डॉक्टर एक सर्जिकल चाकू का उपयोग करता है। त्वचा का एक टुकड़ा निकाला जाता है। बायोप्सी वाली जगह के किनारों को आम तौर पर टांको से एक साथ जोड़ दिया जाता है। एक्सिसनल बायोप्सी पूरे ट्यूमर को हटा देती है। इन्सिसिनल बायोप्सी केवल ट्यूमर के एक हिस्से को हटाती है।

लसीका ग्रंथि बायोप्सी: कुछ त्वचा के कैंसरों का फैलना आम नहीं है, लेकिन यह संभव है। लसीका ग्रंथि बायोप्सी यह देखने के लिए की जा सकती है कि क्या कैंसर आपके आस-पास की लसीका ग्रंथिओं में फैल गया है। यह बायोप्सी धब्बे को हटाने वाली बायोप्सियों की तुलना में अधिक शामिल होती हैं। यह एक बहुत पतली सुई का उपयोग करके की जा सकता है। या डॉक्टर पूरी लसीका ग्रंथि को हटाने का निर्णय ले सकता है।

## त्वचा के कैंसर का इलाज करने की प्रक्रियाएं

अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं जिन्हें त्वचा के कैंसर का इलाज करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया त्वचा के कैंसर के प्रकार, आकार और स्थान पर निर्भर करती है। आपकी त्वचा को सुन्न किया जाएगा ताकि आपको प्रक्रिया के दौरान दर्द न हो। आपको बताया जाएगा कि बाद में इलाज वाली जगह की देखभाल कैसे करनी है।

**काटना:** इस प्रक्रिया के लिए, एक सर्जिकल चाकू से कैंसर और उसके आसपास की कुछ सामान्य त्वचा को काटा जाता है। कभी-कभी, त्वचा के किनारों को एक साथ वापस सिल दिया जाता है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि कट कितनी बड़ा करने की ज़रूरत है।

**क्युरेटेज (खुरचना) और इलेक्ट्रोडेसिक्सेसिशन:** कैंसर को एक लंबे, पतले उपकरण के साथ खुरच कर हटाया जाता है। फिर उन किन्हीं निहीं भी कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए, जो शायद बच गई हो सकती हैं, एक बिजली की सुई के साथ क्षेक्षेत्र का इलाज किया जाता है।

**मोह सर्जरी:** डॉक्टर एक-एक करके त्वचा की पतली परतों को हटाता है। प्रत्येक परत को माइक्रोस्कोप के नीचे देखा जाता है। यदि कैंसर का पता लगता है, तो त्वचा की एक और परत हटाई जाती है। यह तब तक दोहराया जाता है जब तक कि कोई और कैंसर कोशिकाएं दिखाई न दें। इस प्रक्रिया का उपयोग तब किया जाता है जब इस बात का उच्च जोखिम हो कि त्वचा का कैंसर उपचार के बाद वापस आ जाएगा। इसका उपयोग तब भी किया जाता है जब डॉक्टर इस बारे में सुनिश्चित न हो कि त्वचा का कैंसर कितना है। और इसका उपयोग आंखों, चेहरे के बीच, कान, या उंगलियों जैसे कुछ विशेष क्षेत्रोंक्षेत्रोक्षेत्रों के पास कैंसर के लिए जितना संभव हो सके स्वस्थ त्वचा को रखने के लिए किया जा सकता है। क्षेक्षेत्र के ठीक होने में मदद करने के लिए प्रक्रिया के बाद टांकों की आवश्यकता हो सकती है।

**त्वचा प्रत्यारोपण:** यदि सर्जरी द्वारा त्वचा के एक बड़े कैंसर को हटाया जाता है, तो हो सकता है कि घाव को एक साथ सिलने के लिए आस-पास पर्यायाप्वप्त त्वचा न बची हो। इन मामलों में, घाव को ढकने और ठीक होने में मदद करने के लिए शरीर के दूसरे हिस्से से त्वचा(ग्राफ्ट) ली जा सकती है। त्वचा के ग्राफ्ट से क्षेक्षेत्र बेहतर दिखाई भी देता है।

ये प्रक्रियाएं त्वचा के कैंसर के इलाज करने के केवल कुछ तरीके हैं। आपका डॉक्टर यह भी चाह सकता है कि आप अन्य प्रकार के उपचार कराएं, जैसे कि इम्यूनोथेरेपी, लक्षित चिकित्सा, कीमोथेरेपी या विकिरण चिकित्सा। उपचार इन बातों पर निर्भनभ्वर करेगा कि आपका त्वचा का कैंसर किस प्रकार का है, कि यह कितना बड़ा और गहरा है, और क्या यह आपके शरीर के अन्य भागों में फैल गया है। आपके लिए सबसे सही क्या है इसके लिए अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से बात करें।

अधिक जानने के लिए, अमेरिकन कैंसर सोसाइटी की वेबसाइट **cancer.org** देखें या हमें **1-800-227-2345** पर कॉल करें। जब भी आपको हमारी ज़रूरत हो, हम आपकी सहायता के लिए उपलब्ध हैं।



©2024, American Cancer Society, Inc.
No. HIN086406 Rev. 9/24

BBB ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity